## गुस्ताखी माफ

वैसे सबको चाहिए, नई-नई सुविधाएं।
ऐसा है तो फीस भी, पूरी आप चुकाएं।
पूरी आप चुकाएं, मुफ़्त में कुछ ना आता।
जितनी डालो शुगर, मजा भी उतनी पाता।
कह साहिल कविराय, सभी के लगते पैसे।
सुविधाएं सब मिलें, अरे फोकट में कैसे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 206 | MONDAY 03-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# ईमार मोहाली हिल्स के विवाद अब भी बरकरार, खरीदारों के कई मामले अदालतों और रेरा में लंबित

## कब्जे में देरी, मुआवजा और रिफंड को लेकर वर्षों से जारी कानूनी लड़ाई

मोहाली/यूटर्न/02 अगस्त। मोहाली की चर्चित टाउनशिप ईमार मोहाली हिल्स से जुड़े विवाद वर्षों बाद भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। कब्जे में देरी, रिफंड, मुआवजे और डेवलपर की कथित लापरवाही को लेकर खरीदारों की कई शिकायतें अभी भी पंजाब रेरा, उपभोक्ता आयोग और विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। हाल के महीनों में भी इस परियोजना से जुड़े मामलों पर सुनवाई जारी रही है।




ईमार मोहाली हिल्स के विभिन्न सेक्टरों और द व्यूज जैसी परियोजनाओं के खरीदार लंबे समय से समय पर कब्जा नहीं मिलने और वादों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध न कराने का आरोप लगाते रहे हैं। कई मामलों में उपभोक्ता आयोग और राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने खरीदारों के पक्ष में फैसले सुनाते हुए मुआवजा, ब्याज अथवा अन्य राहत देने के आदेश दिए हैं। हालांकि, अलग-अलग मामलों के तथ्य और आदेश अलग-अलग हैं। पंजाब रेरा के रिकॉर्ड के अनुसार, ईमार परियोजनाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई अभी भी जारी है। कई मामलों में आदेश पारित किए जा चुके हैं, जबकि अन्य मामलों में सुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। रेरा की ताजा कॉज लिस्ट में भी रियल एस्टेट विवादों की नियमित सुनवाई जारी रहने का उल्लेख है।

रियल एस्टेट विशेषज्ञों का कहना है कि ईमार मोहाली हिल्स से जुड़े अधिकांश विवाद पुराने आवंटनों, कब्जे में देरी और अनुबंध की शर्तों से संबंधित हैं। जिन खरीदारों के मामले लंबित हैं, वे रेरा, उपभोक्ता आयोग और अदालतों के माध्यम से कानूनी राहत की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर, कंपनी भी विभिन्न मंचों पर अपना पक्ष रख रही है।

कानूनी जानकारों का कहना है कि इस परियोजना से जुड़े विवादों का अंतिम समाधान अलग-अलग मामलों में अदालतों और नियामक प्राधिकरणों के आदेशों पर निर्भर करेगा। फिलहाल कई खरीदार अपने मामलों के निस्तारण का इंतजार कर रहे हैं, जबकि संबंधित मंचों पर सुनवाई लगातार जारी है।

# पंजाब भाजपा ने घोषित की नई प्रदेश कार्यकारिणी, संगठन को मजबूत करने पर जोर




चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों द्वारा नई टीम गठित की गई है। नई कार्यकारिणी में अनिल सरीन, राजेश बाघा, परमिंदर सिंह बराड़, रजनीश धीमान और जीवन गर्ग को प्रदेश महासचिव बनाया है। वहीं सुरजीत कुमार जयानी, राकेश राठौर, सुभाष शर्मा, मंजीत सिंह राय, अश्विनी सेखरी, सुशील रिंकू सहित 12 नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा गुरदेव शर्मा (देबी) को प्रदेश कोषाध्यक्ष तथा सुखविंदर सिंह गोल्डी को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनुज खोसला को युवा मोर्चा, बीबा जय इंदर कौर को महिला मोर्चा, लखविंदर सिंह को किसान मोर्चा, शीतल अंगुराल को अनुसूचित जाति मोर्चा और शिवराज चौधरी को ओबीसी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मीडिया विभाग में एस.एस. छन्नी को मुख्य प्रवक्ता, विनीत जोशी को प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा प्रीतपाल सिंह बलियावाल और परमपाल कौर सिद्धू को मीडिया सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि नई कार्यकारिणी आगामी संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता अभियान और 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों को गति देने में अहम भूमिका निभाएगी।

# सुषमा बिल्डटेक पर कानूनी शिकंजा, ठगी मामलवे में एफआईआर के बाद पुलिस हिरासत में मित्तल !

## चर्चा: थाने में चली जाँच या समझौते के प्रयास, लग्जरी गाड़ियों में बाहर बैठे रहे रिश्तेदार

मोहाली/लुधियाना/यूटर्न/02 अगस्त। पंजाब की चर्चित रियल एस्टेट कंपनी सुषमा बिल्डटेक लिमिटेड एक बार फिर कानूनी विवादों के केंद्र में है। कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ दर्ज विभिन्न आपराधिक मामलों, निवेशकों की शिकायतों तथा नियामक संस्थाओं में लंबित प्रकरणों के बीच लुधियाना में दर्ज 3.85 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। सूत्रों के अनुसार कंपनी के डायरेक्टर प्रतीक मित्तल से शनिवार को लुधियाना पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। हालांकि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर गिरफ्तारी या हिरासत की पुष्टि नहीं की है।

थाना फोकल प्वाइंट में दर्ज एफआईआर उद्योगपति दविंदर सिंह बेदी की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ब्याज पर दी गई करोड़ों रुपये की राशि वापस नहीं की




गई, भुगतान के लिए दिए गए चेक बाउंस हो गए और बाद में रकम के बदले परियोजना में फ्लैट आवंटित किए गए, जिनको लेकर भी विवाद उत्पन्न हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जबकि एफआईआर में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी बताई जा रही है।

प्रतीक मित्तल से पूछताछ की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल और अन्य राज्यों के निवेशकों में अपनी फंसी रकम की वापसी को लेकर उम्मीदें जगीं। कई निवेशक थाना फोकल प्वाइंट भी पहुंचे, जहां से कथित तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होते रहे ।चर्चा भी रही कि मामले में जांच के साथ-साथ समझौते की संभावनाओं पर भी बातचीत की

कोशिश हुई। सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान थाना परिसर के बाहर कंपनी से जुड़े कुछ लोग और परिजन लग्जरी वाहनों में मौजूद रहे।

सुषमा बिल्डटेक पहले से ही बठिंडा के चर्चित अधिवक्ता दविंदर पाल सिंह आत्महत्या प्रकरण में जांच का सामना कर रही है। मृतक द्वारा छोड़े गए कथित सुसाइड नोट और वीडियो में कंपनी के प्रमोटरों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इसके अलावा जीरकपुर स्थित सुषमा क्रिसेंट-2 परियोजना से जुड़े खरीदारों की शिकायतों पर मोहाली में अलग-अलग एफआईआर दर्ज हैं। पंजाब रेरा और उपभोक्ता आयोग में भी कंपनी के खिलाफ अनेक मामले लंबित हैं, जबकि कुछ मामलों में खरीदारों के पक्ष में आदेश भी दिए जा चुके हैं।

निवेशकों का आरोप है कि कंपनी ने लुधियाना, जीरकपुर, चंडीगढ़ और अन्य स्थानों पर प्री-बुकिंग योजनाओं के माध्यम से बड़ी राशि जुटाई। वहीं पुलिस का कहना है कि सभी मामलों की जांच उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाब कांग्रेस की नई टीम में जगह न मिलने पर मनीष तिवारी का छलका दर्द, बोले–'जो होना है, होकर रहेगा'

## कांग्रेस सूत्रों का तर्क–चंडीगढ़ से सांसद होने के कारण पंजाब की टीम में नहीं किया शामिल; तिवारी समर्थकों ने उठाए सवाल

नवीन गोगना

नई दिल्ली/यूटर्न/02 अगस्त। अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने अपनी नई टीम और चुनाव से जुड़ी अहम कमेटियों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष को बरकरार रखते हुए कई वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। हालांकि इस पूरी सूची में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी को कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। नई टीम में जगह नहीं मिलने के बाद मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा, ह्लकाबिल होना भी बहुत बड़ा ऐब है... काश लोगों की असुरक्षा की भावना का मेरे पास कोई इलाज होता!

तिवारी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने पिछले 45 वर्षों में उन्हें बहुत कुछ दिया है और उन्होंने भी अपना पूरा जीवन पार्टी की सेवा में समर्पित किया है। उन्होंने लिखा, 'होनी को कौन टाल सकता है... जो होना है, होकर रहेगा।'






Manish Tewari's cryptic post on X

### कांग्रेस ने बताई यह वजह

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक मनीष तिवारी को पंजाब की टीम में इसलिए शामिल नहीं किया गया क्योंकि वह वर्तमान में चंडीगढ़ से सांसद हैं और चंडीगढ़ पंजाब राज्य का हिस्सा नहीं है। हालांकि मनीष तिवारी के करीबी सूत्रों ने इस तर्क को खारिज किया है। उनका कहना है कि चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है, ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व द्वारा चंडीगढ़ को पंजाब से पूरी तरह अलग मानकर तिवारी को प्रदेश की चुनावी टीम से बाहर रखना हैरान करने वाला है। मनीष तिवारी इससे पहले पंजाब की लुधियाना और आनंदपुर साहिब लोकसभा सीटों से भी सांसद रह चुके हैं। वह कांग्रेस के उन 23 वरिष्ठ नेताओं के समूह ह्लजी-23ह्व में भी शामिल थे, जिन्होंने अगस्त 2020 में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी संगठन में व्यापक बदलाव की मांग की थी।

### चन्नी को कैंपेन कमेटी की कमान

कांग्रेस द्वारा घोषित नए संगठनात्मक ढांचे में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को कैंपेन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। विजय इंदर सिंगला को इलेक्शन मैनेजमेंट एंड कोऑर्डिनेशन कमेटी की जिम्मेदारी दी गई है। सुखजिंदर सिंह रंधावा को कोर कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है, जबकि अमर सिंह को मेनिफेस्टो कमेटी की कमान सौंपी गई है। कांग्रेस ने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर बरकरार रखा है। वहीं प्रताप सिंह बाजवा कांग्रेस विधायक दल के नेता बने रहेंगे। इसके अलावा सुखविंदर सिंह डैनी, राज कुमार वेरका और संगत सिंह गिलजियां को पंजाब कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी के कुछ नेता नए संगठनात्मक फैसलों से संतुष्ट नहीं हैं। इनमें चरणजीत सिंह चन्नी समेत कुछ नेताओं के राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखने के फैसले से नाराज होने की बात भी सामने आई है। मनीष तिवारी की सोशल मीडिया पोस्ट कांग्रेस की नई पंजाब टीम की घोषणा के एक दिन बाद सामने आई है। अब उनके बयान के बाद पंजाब कांग्रेस के भीतर नई नियुक्तियों और वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दिए जाने को लेकर राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है।

# दिल के मरीजों की सेवा ही एकमात्र उद्देश्यः डॉक्टर हरसिमरन

## कार्डियोलॉजी में ले चुके हैं गोल्ड मेडल, पंचम अस्पताल में होते हैं उपलब्ध

-अशोक सहगल-

चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। आजकल जीवन शैली से संबंधित रोग तेजी से बढ़ते जा रहे हैं जिसमें ब्लड प्रेशर शुगर को हृदय रोग शामिल है ऐसे में लोगों को ऐसे डॉक्टर की तलाश है जो उनका उपचार सेवा समझकर करें और उन्हें गुमराह ना करें और ऐसे ही हृदय रोग विशेषज्ञ के पास लोग जाना पसंद करते हैं ऐसे विशेषज्ञों में

डॉ. हरसिमरन एक युवा और उभरते हुए इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट हैं, जिन्हें मॉडर्न कार्डियक केयर टेक्नीक



में उनकी एक्सपर्टीज और मरीजों की भलाई के लिए उनके डेडिकेशन के लिए जाना जाता है। चेन्नई के मशहूर श्री रामचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च से DM कार्डियोलॉजी में गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद, उन्होंने इस फील्ड में अपनी काबलियत का फायदा लोगों को देना शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि ईमानदारी बड़ी चीज है इससे डॉक्टर और मरीज के बीच में जो रिश्ता होता है वह मजबूत किया जा सकता है क्योंकि मरीज डॉक्टर पर भरोसा करके उसके पास आता है।

# डेराबस्सी के वार्डों में पहुंचे विधायक कुलजीत रंधावा, लोगों से जाना विकास का फीडबैक

## पंजाब का एक ही नारा–भगवंत मान दोबारा अभियान के तहत जनसंवाद



डेराबस्सी/यूटर्न/02 अगस्त। पंजाब का एक ही नारा– भगवंत मान दोबारा अभियान के तहत डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने रविवार को वार्ड नंबर-9 (ग्रीन एस्टेट), वार्ड नंबर-5 (गुलमोहर सिटी) और वार्ड नंबर-10 (गुलाबगढ़ रोड) का दौरा कर क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं, सुझाव लिए और विकास कार्यों को और गति देने का भरोसा दिलाया। विधायक रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार प्रत्येक वार्ड और क्षेत्र के समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लोगों की जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। लोगों का विश्वास और सहयोग ही उन्हें जनसेवा के लिए लगातार कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों को धरातल पर तेजी से आगे बढ़ा रही है और भविष्य में भी जनहित के कार्य जारी रहेंगे। दौरे के दौरान वार्ड नंबर-9 में वार्ड इंचार्ज नरेंद्र कौर (पत्नी मोहन सैनी), पार्षद नरेश उपनेजा तथा मास्टर करम चंद मौजूद रहे। वार्ड नंबर-5 में वार्ड इंचार्ज बबीता (पत्नी डिंपल), पार्षद नरेश उपनेजा और मास्टर करम सिंह उपस्थित रहे। वहीं वार्ड नंबर-10 में वार्ड इंचार्ज अजीत सिंह बाजवा, पार्षद नरेश उपनेजा तथा मास्टर करम सिंह भी मौजूद रहे।

# लुधियाना-जाखल पैसेंजर ट्रेन का जींद तक विस्तार, यात्रियों को मिलेगा सीधा रेल संपर्क

चंडीगढ़/जींद/यूटर्न/02 अगस्त। रेलवे ने दैनिक लुधियाना-जाखल पैसेंजर ट्रेन संख्या 54053-54 का विस्तार जींद तक करने को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से पंजाब और हरियाणा के बीच नियमित यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और दोनों राज्यों के बीच सीधा रेल संपर्क मजबूत होगा।

रेल मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार अब ट्रेन संख्या 54054 लुधियाना से चलकर सीधे जींद तक जाएगी, जबकि ट्रेन संख्या 54053 जींद से लुधियाना के लिए रवाना होगी। हालांकि नई




समयसारिणी अभी जारी नहीं की गई है। रेलवे द्वारा जल्द ही ट्रेन के संचालन समय, ठहराव और अन्य विवरणों की घोषणा किए जाने की संभावना है। रेलवे का उद्देश्य क्षेत्रीय रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना और पंजाब-हरियाणा के बीच निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना है। ट्रेन के जींद तक विस्तार से नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। उन्हें बीच रास्ते में वाहन बदलने की परेशानी कम होगी और यात्रा में लगने वाले समय तथा खर्च में भी कमी आने की उम्मीद है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद लुधियाना, जाखल और जींद के बीच आवागमन अधिक सुविधाजनक हो जाएगा। यात्रियों ने रेलवे के इस फैसले का स्वागत किया है और समयसारिणी जल्द जारी करने की मांग की है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 सोमवार, 03 अगस्त 2026




पेज 06 न्यू गुरनाम नगर, जसिया रोड में सात दिवसीय ...

# भारत नगर शॉपकीपर्स एसोसिएशन की वार्षिक सभा संपन्न








लुधियाना/यूटर्न/02 अगस्त। भारत नगर शॉपकीपर्स एसोसिएशन की वार्षिक सभा सम्राट में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। सभा का संचालन एसोसिएशन के सदस्य संदीप सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दुकानदारों और कार्यकारी सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर एसोसिएशन के चेयरमैन दीपक बदयाल ने संस्था द्वारा बीते वर्ष के दौरान किए गए कार्यों और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन लगातार दुकानदारों के हितों की रक्षा करने और उनकी समस्याओं को संबंधित विभागों एवं स्थानीय प्रशासन के समक्ष उठाने का कार्य कर रही है।

समारोह के दौरान एसोसिएशन के सबसे पुराने सदस्य तेजिंदर पाल सिंह का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर और माला पहनाकर विशेष सम्मान किया गया। वक्ताओं ने बताया कि वर्ष 1972 में स्थापित इस एसोसिएशन में वर्तमान समय में 100 से अधिक सदस्य जुड़े हुए हैं। अब सदस्यों की तीसरी पीढ़ी भी संस्था की गतिविधियों में सक्रिय योगदान दे रही है।

एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य दुकानदारों की भलाई के साथ-साथ शहर के विकास और बेहतरी के लिए स्थानीय प्रशासन को उपयोगी सुझाव देना है। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों को उपहार भेंट किए गए, जबकि कार्यकारी सदस्यों को ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया।

# हड़ताल खत्म, अब शहर को कूड़े से राहत दिलाने की जंग; नगर निगम ने दिन-रात शुरू किया सफाई अभियान

## कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने किया निरीक्षण, लोगों से भी मांगा सहयोग

लुधियाना/यूटर्न/02 अगस्त। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने के बाद नगर निगम ने शहर को दोबारा स्वच्छ बनाने के लिए बड़े स्तर पर दिन-रात सफाई अभियान शुरू कर दिया है। पिछले कई दिनों से विभिन्न इलाकों में जमा कूड़े के ढेर हटाने के लिए अतिरिक्त मशीनरी और कर्मचारियों को मैदान में उतारा गया है। नगर निगम का दावा है कि एक-दो दिनों में अधिकांश क्षेत्रों की स्थिति सामान्य हो जाएगी। नगर निगम आयुक्त ओजस्वी अलंकार ने रविवार को दुगरी नहर पुल, चीमा चौक, प्रताप चौक, गवर्नमेंट कॉलेज रोड और विश्वकर्मा चौक सहित कई स्थानों का दौरा कर सफाई कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कूड़ा उठाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और वरिष्ठ अधिकारी लगातार फील्ड में रहकर निगरानी करें। आयुक्त ने कहा कि हड़ताल के कारण शहर में कई स्थानों पर कूड़ा जमा हो गया था, लेकिन अब युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में कूड़ा उठाने में समस्या आती है तो लोग नगर निगम की मानसून हेल्पलाइन 90867-91867 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम का मानना है कि प्रशासन और नागरिकों के संयुक्त प्रयास से शहर को जल्द ही फिर से स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।







# सेक्टर-10 के पार्क में वन महोत्सव के तहत पौधारोपण, एमसी कमिश्नर अमित कुमार ने दिया हरियाली बढ़ाने का संदेश



चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। नगर निगम चंडीगढ़ और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की ओर से रविवार को सेक्टर-10डी स्थित पार्क नंबर-1 में वन महोत्सव के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर की हरित विरासत को मजबूत करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार (आईएएस) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर, पार्षद महेशिंदर सिंह सिद्धू, नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा, डीएवी कॉलेज की प्रिंसिपल मोना नारंग, आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, स्थानीय निवासी और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि पौधे लगाना केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी निरंतर जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की देखभाल करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, ताकि वे भविष्य में घने वृक्ष बनकर शहर के पर्यावरण को बेहतर बना सकें।

# पीयू के सरदार वल्लभभाई पटेल बॉयज हॉस्टल नं. 4 की पहल, चुनाव प्रचार में हॉस्टल परिसर को स्टिकर मुक्त रखने की अपील

चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में होने वाले छात्र परिषद चुनावों के मद्देनजर सरदार वल्लभभाई पटेल बॉयज हॉस्टल नं. 4 के वार्डन एवं हॉस्टल कमेटी ने सभी छात्र संगठनों, प्रत्याशियों एवं समर्थकों से चुनाव प्रचार के दौरान हॉस्टल परिसर को स्टिकर मुक्त रखने की अपील की है। हॉस्टल कमेटी ने कहा कि छात्र परिषद चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के साथ-साथ विश्वविद्यालय एवं छात्रावास की स्वच्छता, सुंदरता और गरिमा को बनाए रखना भी प्रत्येक विद्यार्थी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हॉस्टल कमेटी ने सभी छात्र संगठनों से अनुरोध किया है कि वे चुनाव प्रचार के लिए हॉस्टल की दीवारों, कमरों के दरवाजों, गलियारों, सीढ़ियों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्टिकर या अन्य प्रचार सामग्री न चिपकाएँ। ऐसा करने से छात्रावास की संपत्ति को नुकसान पहुँचता है, दीवारों एवं दरवाजों पर स्थायी निशान पड़ जाते हैं तथा उन्हें हटाने में अनावश्यक समय, श्रम एवं संसाधनों की आवश्यकता होती है। हॉस्टल प्रशासन ने सुझाव दिया है कि छात्र संगठन प्रचार-प्रसार के लिए हॉस्टल परिसर के बाहर निर्धारित स्थानों, नोटिस बोर्डों एवं डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें। इससे चुनाव प्रचार भी प्रभावी रहेगा और परिसर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को भी बढ़ावा मिलेगा। हॉस्टल के वार्डन डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि छात्र राजनीति विचारों और संवाद का माध्यम है। चुनाव प्रचार ऐसा होना चाहिए जो विद्यार्थियों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़े, न कि हॉस्टल की दीवारों और सार्वजनिक संपत्ति पर स्थायी निशान।

# मजरी में पूर्व सरपंच के पति पर ताबड़तोड़ फायरिंग, रिटायर्ड फौजी गिरफ्तार

## जूतों की दुकान पर कहासुनी के बाद लाइसेंसी 12 बोर राइफल से बरसाईं गोलियां, पीजीआई में भर्ती, हत्या के प्रयास का केस दर्ज




घायल रजनीश कुमार, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

मोहाली/यूटर्न/02 अगस्त। जिले के ब्लॉक मजरी थाना क्षेत्र में शनिवार रात मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। शराब के नशे में धुत एक रिटायर्ड फौजी ने पूर्व सरपंच के पति पर लाइसेंसी 12 बोर राइफल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

मुल्लांपुर के डीएसपी हरकीरत सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान मनिंदरपाल सिंह उर्फ फौजी के रूप में हुई है, जो सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी है और वर्तमान में चंडीगढ़ में सुरक्षा गार्ड के तौर पर कार्यरत है। शनिवार रात छुट्टी पर गांव लौटने के बाद उसकी गांव के बाजार स्थित जूतों की दुकान पर पूर्व सरपंच के पति रजनीश कुमार से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पुलिस के अनुसार, विवाद के बाद आरोपी घर चला गया, लेकिन कुछ देर बाद अपनी लाइसेंसी 12 बोर राइफल लेकर वापस बाजार पहुंचा और रजनीश कुमार पर कई राउंड फायर कर दिए। गोली उनके पेट और हाथ में लगी, जबकि अन्य गोलियां भी शरीर को छूते हुए निकलीं। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां से पीजीआई रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

वारदात के बाद आरोपी अपने घर में घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खुलवाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई लाइसेंसी 12 बोर राइफल भी कब्जे में ले ली।

डीएसपी हरकीरत सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी घटना के समय नशे में था। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

# एसएसपी के आदेश पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ साइबर थाना मोहाली में एफआईआर दर्ज, जांच शुरू




मोहाली/यूटर्न/02 अगस्त। साइबर ठगी के एक बड़े मामले में साइबर क्राइम थाना मोहाली ने 67.66 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों ने खुद को यूको बैंक का कर्मचारी बताकर 74 वर्षीय महिला के मोबाइल में फर्जी यूको लाइफ सर्टिफिकेट डॉट एपीके फाइल डाउनलोड करवाई। इसके जरिए मोबाइल हैक कर महिला की नौ फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के खिलाफ लोन लेकर रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दी गई।

पुलिस के अनुसार सेक्टर-69 निवासी आशा झांब ने एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि 30 अक्तूबर 2025 को उन्हें एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन अपडेट कराने का झांसा देकर एपीके फाइल डाउनलोड करवाई और बैंक संबंधी जानकारी भरवाई। इसके बाद 31 अक्तूबर से 1 नवंबर 2025 के बीच उनकी एफडी के विरुद्ध लोन लेकर कुल 67,66,943 रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। आरोपी ट्रांजेक्शन के मोबाइल संदेश भी डिलीट करता रहा। बाद में बेटी की मदद से बैंक स्टेटमेंट देखने पर धोखाधड़ी का खुलासा हुआ, जिसके बाद महिला ने तत्काल बैंक खाता फ्रीज कराया। साइबर थाना की जांच में शिकायत सही पाए जाने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 319, 318(4), 61(2) और आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। बाद में मामले की दोबारा जांच एसपी स्तर पर भी कराई गई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि पीड़िता ने मामले की शिकायत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से भी की थी। आरबीआई ने जांच के बाद यूको बैंक, कैनरा बैंक, बंधन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और एक्सिस बैंक पर कुल 28.25 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई। इनमें से कैनरा बैंक, बंधन बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने संबंधित राशि पीड़िता को लौटा दी है, जबकि यूको बैंक और एक्सिस बैंक से भुगतान होना अभी बाकी है। एसएसपी मोहाली ने जांच रिपोर्ट के बाद साइबर थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच इंस्पेक्टर गौरव बंस सिंह को सौंप दी गई है। जांच अधिकारी गौरव बंस ने बताया कि पुलिस ठगी में इस्तेमाल मोबाइल नंबर, बैंक खातों और डिजिटल ट्रेल की जांच कर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

# ढकोली में दिनदहाड़े कार रोककर तीन युवकों पर जानलेवा हमला, 15 पर केस






जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। ढकोली स्थित नंद स्वीट्स के सामने रविवार सुबह दिनदहाड़े हुई खूनी वारदात ने इलाके में दहशत फैला दी। आरोप है कि 10 से 15 हथियारबंद लोगों ने एक कार को घेरकर उसमें सवार तीन युवकों पर तेजधार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जितेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथी कुलदीप और सेठी भी घायल हुए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर चार नामजद और 10 से 12 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल जितेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि पैसों के लेन-देन को लेकर उसका कुछ लोगों के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोपियों ने पहले भी कई बार उसे जान से मारने की धमकियां दी थीं। उसने बताया कि उसके भाई पर भी पहले हमला हुआ था, जिसकी शिकायत ढकोली थाने में दी गई थी, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों के हौसले बढ़ गए।

पीड़ित के अनुसार रविवार सुबह वह अपने साथियों कुलदीप और सेठी के साथ कार में जा रहा था। जैसे ही उनकी कार नंद स्वीट्स के सामने पहुंची, पहले से मौजूद 10 से 15 हथियारबंद लोगों ने वाहन को घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों के हाथों में तेजधार हथियार थे, जबकि कुछ के पास पिस्टल भी थी। आरोपियों ने तीनों को कार से बाहर निकालकर बेरहमी से हमला किया। हमले में जितेंद्र के दोनों पैर टूट गए। कुलदीप का कान कट गया, जबकि सेठी को भी गंभीर चोटें आई हैं। तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के दौरान कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनानी शुरू की तो आरोपियों ने उन्हें भी धमकाते हुए वीडियो न बनाने की चेतावनी दी।

# 500 पेटी अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा




जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक्साइज विभाग और जीरकपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 500 पेटी अवैध शराब से भरे एक ट्रक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चंडीगढ़ से लाई गई यह शराब पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से सप्लाई की जानी थी। एक्साइज विभाग ने पंजाब एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक्साइज इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि चंडीगढ़ से भारी मात्रा में शराब लाकर पंजाब में अवैध रूप से खपाई जा रही है। सूचना के आधार पर एक्साइज विभाग और जीरकपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने गांव शताबगढ़ से गांव छत जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जांच में ट्रक से '9 वन व्हिस्की' ब्रांड की करीब 500 पेटी शराब बरामद हुई। अधिकारियों ने शराब की खेप और ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि बरामद शराब को पंजाब के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से सप्लाई करने की तैयारी थी।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 सोमवार, 03 अगस्त 2026



पेज 12 ईरान-अमेरिका युद्ध संकट के बीच 50 ईरानी...

# RBI के पास लिक्विडिटी है, लेकिन इंडस्ट्री सिर्फ़ भरोसे पर चल रही है: बिजनेस कहते हैं 'हमारे पास कैश नहीं है'

चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। भले ही भारत की अर्थव्यवस्था बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनी हुई है, लेकिन ज्यादा से ज्यादा उद्योगपति लगातार लिक्विडिटी की कमी (कैश की कमी) पर चिंता जता रहे हैं। उनका कहना है कि इससे निवेश, विस्तार और नौकरी पैदा करने में रुकावट आ रही है। मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और टरटए में, इंडस्ट्री के लीडर्स का कहना है कि चुनौती अब सिर्फ़ डिमांड या मुनाफे की नहीं, बल्कि वर्किंग कैपिटल (कामकाज के लिए जरूरी पूंजी) मिलने की है। पेमेंट में देरी, बैंकों की तरफ से सावधानी से लोन देना और प्राइवेट कैपिटल खर्च में कमी की वजह से कई बिजनेस को सही कैश फ़्लो बनाए रखने में मुश्किल हो रही है।

'आज इंडस्ट्री में पैसा नहीं है' - यह बात अलग-अलग सेक्टर में बार-बार कही जा रही है, खासकर छोटे और मंझोले उद्यमों (रटए) में, जो भारत के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम की रीढ़ हैं। हाल के समय में इंडस्ट्री के सीनियर लीडर्स ने बार-बार ये चिंताएं जताई हैं। हर्ष पति सिंघानिया ने प्राइवेट निवेश को फिर से शुरू करने और बिजनेस में भरोसा बढ़ाने की जरूरत पर बात की है, जबकि संजीव पुरी ने घरेलू डिमांड बनाए रखने और आर्थिक विस्तार को सपोर्ट करने के लिए पर्याप्त लिक्विडिटी सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया है। आर. दिनेश ने भी ऐसे पॉलिसी



उपायों की जरूरत पर जोर दिया है जो निवेश को बढ़ावा दें और बिजनेस को क्रेडिट (लोन) मिलने में आसानी करें।

इंडस्ट्री संगठनों ने भी ऐसी ही चिंताएं जताई हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) ने कई बार पॉलिसी बनाने वालों से टरटए को पेमेंट में देरी की समस्या को हल करने, क्रेडिट की उपलब्धता बेहतर करने और प्राइवेट निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकारी खर्च बढ़ाने का आग्रह किया है।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भले ही बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी में समय-समय पर सुधार हुआ है, लेकिन क्रेडिट का बंटवारा एक जैसा नहीं रहा है। बड़ी कंपनियों को तो आसानी से पूंजी मिल जाती है, लेकिन कई छोटे बिजनेस का कहना है कि लोन मिलने के नियम कड़े हो गए हैं, उधार लेने की लागत बढ़ गई है और वे अपनी अंदरूनी कमाई पर ज्यादा निर्भर हो गए हैं।

यह समस्या इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल, ऑटो कंपोनेंट और कंस्ट्रक्शन मटीरियल जैसे सेक्टर में ज्यादा गंभीर है, जहाँ लंबे पेमेंट साइकल की वजह से वर्किंग कैपिटल की जरूरत बढ़ गई है। बिजनेस मालिकों का कहना है कि सरकारी एजेंसियों और बड़ी प्राइवेट कंपनियों से मिलने वाला पेमेंट अक्सर महीनों तक नहीं मिलता, जिससे कंपनियों को विस्तार की योजनाएं टालनी पड़ती हैं और नई भर्तियां कम करनी पड़ती हैं। जानकारों का मानना है कि जब तक कंपनियों के लेवल पर लिक्विडिटी की स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक अच्छे मैक्रो-इकोनॉमिक संकेतकों के बावजूद प्राइवेट निवेश कम ही रह सकता है। भले ही महंगाई कम हुई है और ब्याज दरों में स्थिरता के संकेत दिखे हैं, लेकिन इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों का तर्क है कि भरोसा तभी लौटेगा जब बिजनेस को कैश फ़्लो में लगातार सुधार और आसानी से फाइनेंस (पैसा) मिलने की सुविधा दिखेगी। भारत की लंबे समय की विकास की महत्वाकांक्षाएं एक मजबूत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर टिकी हैं। ऐसे में उद्योगपतियों का कहना है कि मैक्रो-इकोनॉमिक मजबूती को निवेश, रोजगार और लगातार औद्योगिक विकास में बदलने के लिए व्यवसायों—खासकर MSME—में लिक्विडिटी (नकदी की उपलब्धता) बहाल करना बहुत जरूरी होगा।

# चार देसी कट्टों के साथ बिहार का युवक गिरफ्तार, सात दिन के पुलिस रिमांड पर

कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/02 अगस्त। पंचकूला पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिहार निवासी एक युवक को चार देसी कट्टों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राज किशोर उर्फ राज, निवासी दरभंगा, बिहार के रूप में हुई है। वह फिलहाल पिंजौर क्षेत्र में रह रहा था। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक आईपीएस अमरिंदर सिंह के अनुसार क्राइम ब्रांच-1 की टीम को 1 अगस्त को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियारों की सप्लाई के इरादे से कमांडो कॉम्प्लेक्स के सामने संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया।



तलाशी के दौरान उसके बैग से चार अवैध देसी कट्टे बरामद हुए। इस संबंध में थाना चंडीमंदिर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस कमिश्नर आईपीएस पंकज नैन ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर सात दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। पुलिस पूछताछ के जरिए मुख्य हथियार सप्लायर और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध हथियारों की तस्करी और अपराध को बढ़ावा देने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# चन्नी-वड़िंग में '36 का आंकड़ा' बरकरार! अब पर्दे के पीछे नहीं, मंच पर दिखने लगी सियासी तल्खी

## वड़िंग के सामने ह्यचन्नी लाओ, पंजाब बचाओं के नारे, जलालपुर पर कार्रवाई के बाद पूर्व उट के तेवरों ने बढ़ाया पारा

नवीन गोगना

लुधियाना 2 अगस्त । पंजाब कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के बीच सियासी तल्खी खत्म होने के बजाय अब और खुलकर सामने आती दिखाई दे रही है। कभी बंद कमरों और समर्थकों के बयानों तक सीमित रहने वाली खींचतान अब कांग्रेस के मंचों तक पहुंच गई है। हालात यह हैं कि वड़िंग की मौजूदगी में ही चन्नी समर्थक 'चन्नी लाओ, पंजाब बचाओ' के नारे लगा रहे हैं और दोनों खेमों के समर्थक आमने-सामने तक आ रहे हैं। ताजा घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या चन्नी और वड़िंग के बीच अभी भी '36 का आंकड़ा' चल रहा है?



**वड़िंग मंच पर, सामने गूंजे चन्नी के नारे...**कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई की सबसे बड़ी तस्वीर तब सामने आई जब पार्टी के कार्यक्रमों में पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल और राजा वड़िंग की मौजूदगी के बावजूद चन्नी समर्थकों ने खुलकर नारेबाजी शुरू कर दी।

'चन्नी लाओ, पंजाब बचाओ' और चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थन में लगे नारों ने कांग्रेस के एकजुटता के दावों की पोल खोल दी। हालात यहां तक पहुंचे कि वड़िंग को अपना संबोधन रोककर कार्यकताओं को अनुशासन बनाए रखने के लिए कहना पड़ा।

संगरूर में मामला और गर्म हो गया, जहां अलग-अलग खेमों के समर्थक आमने-सामने आ गए। चुनाव से पहले पार्टी को एक मंच पर लाने निकला नेतृत्व अपनी आंखों के सामने गुटबाजी का प्रदर्शन देखता रहा।

**जलालपुर पर कार्रवाई और चन्नी की एंट्री ने डाला 'घी में तेल'...**पूर्व विधायक मदन लाल जलालपुर के खिलाफ पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई ने पहले से सुलग रही आग को और भड़का दिया।

कार्रवाई के कुछ ही समय बाद चरणजीत सिंह चन्नी का जलालपुर के घर पहुंचना सामान्य राजनीतिक मुलाकात भर नहीं माना जा रहा। खासकर इसलिए क्योंकि जलालपुर प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल चुके हैं। चन्नी ने भी जलालपुर के खिलाफ हुई कार्रवाई के तरीके पर सवाल उठाए। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में संदेश साफ गया—प्रदेश नेतृत्व जिस नेता पर अनुशासन का डंडा चला रहा है, चन्नी उसी नेता के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। यही घटनाक्रम चन्नी-वड़िंग के बीच चल रही तल्खी को एक नई धार दे गया है।

**क्या वड़िंग के नेतृत्व को खुली चुनौती दे रहा है चन्नी खेमा?...**अब सवाल सिर्फ जलालपुर का नहीं रह गया है। सवाल यह है कि कांग्रेस के आधिकारिक कार्यक्रमों में प्रदेश अध्यक्ष के सामने किसी दूसरे नेता को आगे लाने के नारे आखिर किस ओर इशारा कर रहे हैं?

अगर कार्यकर्ता वड़िंग के सामने ही 'चन्नी लाओ' के नारे लगा रहे हैं, तो इसे महज उत्साह कहकर नजरअंदाज करना पार्टी नेतृत्व के लिए आसान नहीं होगा।

चन्नी समर्थकों का यह शक्ति प्रदर्शन सीधे तौर पर पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व की लड़ाई से जोड़कर देखा जा रहा है।

**2027 से पहले 'कुर्सी' की लड़ाई?...**कांग्रेस हाईकमान बार-बार यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि पंजाब विधानसभा चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जाएगा। लेकिन जमीन पर तस्वीर इससे अलग नजर आ रही है। एक तरफ प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर राजा वड़िंग संगठन पर अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं, दूसरी तरफ चन्नी समर्थक उन्हें 2027 में फिर बड़े चेहरे के तौर पर पेश करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे।

# बलटाना में भाजपा ने लगाया मजदूर कार्ड पंजीकरण कैंप, श्रमिकों ने उठाया लाभ

जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। वार्ड नंबर-3 स्थित बलटाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों के लिए मजदूर कार्ड बनाने हेतु विशेष पंजीकरण शिविर लगाया गया। पीर बाबा रोड स्थित शॉप नंबर-6 पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में निर्माण श्रमिकों ने पहुंचकर मजदूर कार्ड के लिए आवेदन किया और श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। आयोजकों के अनुसार शिविर का उद्देश्य निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से जोड़ना तथा उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। शिविर में राजमिस्त्री, पेंटर, प्लंबर, बढ़ई, इलेक्ट्रिशियन, बेलदार, टाइल लगाने वाले, सड़क निर्माण कार्यकर्ता, मशीन ऑपरेटर सहित अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिक आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचे और अपना पंजीकरण करवाया। शिविर के दौरान श्रमिकों को बताया गया कि मजदूर कार्ड बनने के बाद उन्हें बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति, विवाह सहायता, प्रसूति सहायता, चिकित्सा सहायता, दुर्घटना सहायता, प्राकृतिक आपदा राहत, यात्रा भत्ता तथा अंतिम संस्कार सहायता सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। भाजपा कार्यकताओं ने बताया कि शिविर को श्रमिकों का उत्साहजनक सहयोग मिला और बड़ी संख्या में पात्र श्रमिकों ने इसका लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक सरकारी योजनाओं से जुड़ सकें।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Expiry Date और Best Before: क्या दोनों एक ही बात हैं?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

खरीदारी करते समय हम अक्सर किसी खाद्य पदार्थ या अन्य पैक्ड सामान पर Expiry Date या Best Before लिखा हुआ देखते हैं। बहुत से लोग इन दोनों को एक ही समझते हैं, जबकि इनका अर्थ अलग-अलग होता है।

Best Before का मतलब है कि उस तारीख तक उत्पाद अपनी गुणवत्ता, स्वाद, खुशबू या बनावट के अनुसार सबसे अच्छा माना जाता है। इसके बाद भी कई मामलों में उत्पाद तुरंत खराब नहीं हो जाता, लेकिन उसकी गुणवत्ता पहले जैसी नहीं रह सकती।

वहीं Expiry Date का मतलब है कि उस तारीख के बाद उत्पाद का उपयोग सुरक्षित नहीं माना जाता। खासकर दवाइयों और कुछ खाद्य पदार्थों के मामले में Expiry Date के बाद उनका इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है।


यदि कोई दुकानदार Expiry Date निकल चुके उत्पाद बेचता है, तो यह गंभीर मामला है। ग्राहक ऐसे उत्पाद को लेने से मना कर सकता है और आवश्यकता होने पर संबंधित अधिकारियों या उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत भी कर सकता है।

खरीदारी करते समय केवल MRP ही नहीं, बल्कि Manufacturing Date, Best Before और Expiry Date भी ध्यान से देखनी चाहिए। कई बार जल्दबाजी में लोग तारीख देखे बिना सामान खरीद लेते हैं और बाद में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यदि आपके पास गलती से Expired Product आ गया है, तो उसका बिल और पैकेजिंग संभालकर रखें। ये दस्तावेज शिकायत करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

निष्कर्ष: Best Before और Expiry Date एक जैसी नहीं हैं। खरीदारी करते समय इन दोनों का अंतर समझना जरूरी है। कुछ सेकंड की सावधानी आपको आर्थिक नुकसान और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम, दोनों से बचा सकती है।

## रूह से रूबरू






चारु नागपाल

### खुशी के असली मायने आज के लोग किसे मानते हैं?

आज के समय में अधिकांश लोग खुशी का अर्थ धन, प्रसिद्धि, बड़ा घर, महंगी गाड़ी और आरामदायक जीवन से जोड़ते हैं।

उनका मानना है कि जितनी अधिक सुविधाएँ होंगी, उतनी ही अधिक खुशी मिलेगी। इसलिए लोग दिन-रात धन कमाने और दूसरों से आगे निकलने की दौड़ में लगे रहते हैं। सोशल मीडिया ने भी इस सोच को बढ़ावा दिया है, जहाँ लोग दूसरों की चमक-दमक देखकर उसी तरह का जीवन पाने की इच्छा रखते हैं। लेकिन वास्तव में खुशी केवल भौतिक वस्तुओं से नहीं मिलती। सच्ची खुशी परिवार के साथ बिताए गए समय, अच्छे स्वास्थ्य, सच्ची मित्रता, संतोष, प्रेम और दूसरों की सहायता करने से प्राप्त होती है। जो व्यक्ति छोटी-छोटी

बातों में आनंद ढूँढ लेता है, वही जीवन का वास्तविक सुख अनुभव करता है। यदि मन में संतोष और सकारात्मक सोच हो, तो साधारण जीवन भी सुखद बन सकता है। इसलिए हमें खुशी की तलाश केवल धन और दिखावे में नहीं करनी चाहिए, बल्कि अच्छे संबंधों, ईमानदारी, सेवा-भाव और आत्मसंतोष में करनी चाहिए। यही खुशी का वास्तविक मायना है और यही जीवन को सफल एवं सार्थक बनाता है।

# गीता रूपी नौका से पार होता है संसार रूपी समुद्र: संत अश्वनी बेदी



लुधियाना/यूटर्न/02 अगस्त। । श्री राम शरणम्के श्री राम पार्क में रविवार को आयोजित साप्ताहिक सत्संग में प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने श्रीमद्भगवद्गीता की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जहां गीता का पाठ, श्रवण और चिंतन होता है, वहां सभी तीर्थों, देवी-देवताओं, ऋषियों और योगियों का वास माना जाता है। संत बेदी ने कहा कि स्थिर मन से प्रतिदिन गीता का पाठ करने वाला व्यक्ति ज्ञान रूपी सिद्धि प्राप्त करता है और अंततः परम पद को प्राप्त होता है।

# लुधियाना को दो नए स्कूल ऑफ एमिनेंस की सौगात, शिक्षा मॉडल को 2027 का बड़ा चुनावी हथियार बना रही मान सरकार

## मुख्यमंत्री ने कहा–लुधियाना में अब 16 स्कूल ऑफ एमिनेंस, 11 स्कूल ऑफ ब्रिलियंस और 35 स्कूल ऑफ हैप्पीनेस; पंजाब शिक्षा में देश में पहले स्थान पर






लुधियाना/यूटर्न/02 अगस्त। पंजाब की राजनीति में शिक्षा को सबसे बड़े मुद्दे के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को बड़ा दांव खेलते हुए लुधियाना को दो नए स्कूल ऑफ एमिनेंस समर्पित किए। किदवई नगर और मिलर गंज में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन दोनों स्कूलों के उद्घाटन के साथ मुख्यमंत्री ने न केवल सरकारी शिक्षा मॉडल की उपलब्धियां गिनाई, बल्कि यह संदेश भी दिया कि आम आदमी पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव से पहले शिक्षा और स्वास्थ्य को अपनी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनाने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लुधियाना अब पंजाब का पहला जिला बन गया है, जहां 16 स्कूल ऑफ एमिनेंस, 11 स्कूल ऑफ ब्रिलियंस और 35 स्कूल ऑफ हैप्पीनेस संचालित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि औद्योगिक राजधानी के रूप में पहचान रखने वाला लुधियाना अब शिक्षा क्रांति का भी नेतृत्व कर रहा है।

जनसभा को संबोधित करते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार ने पंजाब को स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में देश में 27वें स्थान से पहले स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में आधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, विदेशी प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक और बेहतर आधारभूत ढांचे के कारण अब निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी सरकारी स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि किदवई नगर स्थित स्कूल ऑफ एमिनेंस 10.62 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है, जिसमें 27 आधुनिक कक्षाएं, सात प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और 500 क्षमता वाला ऑडिटोरियम बनाया गया है। वहीं, मिलर गंज स्कूल 3.48 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हुआ है, जिसमें 11 कक्षाएं, सात प्रयोगशालाएं और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए लिफ्ट की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि वर्ष 2021 में सरकारी स्कूलों के केवल 80 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा पास की थी, जबकि 2026 में यह संख्या बढ़कर 881 हो गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सरकारी स्कूलों के 882 विद्यार्थियों ने नीट और 125 से अधिक विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# स्पाउस वीजा पर अमेरिका भेजने का झांसा देकर दंपती से 87 लाख की ठगी

## दो ट्रैवल एजेंटों पर केस दर्ज, विदेश भेजने के बजाय अलग-अलग देशों में घुमाया

लालड़ू/यूटर्न/02 अगस्त। स्पाउस वीजा के जरिए अमेरिका भेजने का झांसा देकर एक दंपती से 87 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। जांच के बाद लालड़ू थाना पुलिस ने दो ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। दोनों आरोपित फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

एएसआई हरगोबिंद सिंह ने बताया कि गांव जोलां खुर्द निवासी गुरप्रीत सिंह ने एसएसपी मोहाली को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उसकी पहचान पत्नी के रिश्तेदार गुरजीत सिंह से हुई थी। गुरजीत सिंह ने अपने साथी सरबजीत सिंह के साथ मिलकर शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी अमनप्रीत कौर को स्पाउस वीजा के जरिए कानूनी तरीके




से अमेरिका भेजने का भरोसा दिया।

शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपितों ने पहले 80 लाख रुपये की मांग की और बाद में वीजा, टिकट, प्रोसेसिंग व अन्य खर्चों के नाम पर अलग-अलग किस्तों में कुल 87 लाख रुपये ले लिए। इसके बावजूद उन्हें अमेरिका भेजने की बजाय अलग-अलग देशों में घुमाया गया। काफी समय बीतने के बाद भी न तो उन्हें अमेरिका भेजा गया और न ही उनकी रकम लौटाई गई।

प्रारंभिक जांच के बाद एसएसपी मोहाली के आदेश पर लालड़ू थाना पुलिस ने गुरजीत सिंह उर्फ जीतू और सरबजीत सिंह उर्फ गुंगा, दोनों निवासी जिला अंबाला (हरियाणा), के खिलाफ धोखाधड़ी सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपित फिलहाल फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस मामले के वित्तीय लेन-देन और विदेश भेजने के नाम पर किए गए पूरे नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

# देवी तालाब मंदिर में मेयर की शुकराना यात्रा के दौरान हंगामा, दो गुटों में पथराव

जालंधर/यूटर्न/02 अगस्त। मेयर विनीत धीर की शुकराना यात्रा के दौरान रविवार शाम देवी तालाब मंदिर परिसर में उस समय हंगामा हो गया, जब दो गुटों से जुड़े युवक आपस में भिड़ गए। मेयर विनीत धीर हाल ही में जालंधर नॉर्थ विधानसभा क्षेत्र के इंचार्ज बनाए जाने के बाद समर्थकों के साथ शुकराना यात्रा के तहत मंदिर में माथा टेकने पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में फतेह गैंग और भाना गैंग से जुड़े कुछ युवकों के बीच पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष



आमने-सामने आ गए और हाथापाई शुरू हो गई। इसके बाद दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे, जिससे मंदिर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के समय मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। अचानक हुए पथराव से लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान कई श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना है, हालांकि घायलों की सही संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

घटना के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर उपद्रव करने वालों की पहचान करने में जुटी है।

# नोटिफिकेशन जारी होने तक धरना रहेगा जारी, सोमवार को सरकार से होगी वार्ता: धींगान

लुधियाना/यूटर्न/02 अगस्त। बरनाला में सफाई कर्मचारियों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में नगर निगम के सफाई कर्मचारी, सीवरमैन, माली, बेलदार, ड्राइवर और अन्य कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा। छुट्टी होने के बावजूद संघर्ष कमेटी के बैनर तले जोन-ए कार्यालय के बाहर धरना दिया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व संघर्ष कमेटी के नेता रवि बाली और अजयपाल दिशावर ने किया, जबकि चरणजीत सिंह अटवाल और जसविंदर सिंह भोला ने भी धरने को समर्थन दिया। संघर्ष कमेटी के वरिष्ठ नेता नरेश धींगान ने कहा कि कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस, जिला प्रशासन और विधायकों ने कर्मचारियों की मांगें स्वीकार करने का भरोसा दिया है तथा सोमवार को चंडीगढ़ में वार्ता के लिए बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने शहर में कूड़े की गंभीर समस्या



और लोगों की परेशानी को देखते हुए हड़ताल वापस ली थी, लेकिन यह स्पष्ट किया था कि मांगें लागू होने का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी होने तक धरना जारी रहेगा। धींगान ने कहा कि जब तक सरकार लिखित आदेश जारी नहीं करती और नगर निगम कमिश्नर कर्मचारियों के बीच आकर मांगों के लागू होने का भरोसा नहीं देते, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे जोन-ए में धरना जारी रहेगा और इसके बाद संघर्ष कमेटी के प्रतिनिधि चंडीगढ़ में सरकार के साथ होने वाली बैठक में शामिल होंगे।

# मर्यादा, राष्ट्रभक्ति और क्षमा का संदेश देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं के आदर्श : अमन जैन

## कहा : एक ही तो दिल है मोदी जी कितनी बार जीतोगे

लुधियाना/यूटर्न/02 अगस्त। सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम के प्रधान अमन जैन ने जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



विरुद्ध तथा उनकी दिवंगत माता के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है।अमन जैन ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री लोकतांत्रिक व्यवस्था के सर्वोच्च संवैधानिक पदों में से एक है और किसी भी व्यक्ति द्वारा, विशेषकर सार्वजनिक मंच पर, उनके प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि असहमति व्यक्त करना लोकतंत्र का अधिकार है, लेकिन उसकी अभिव्यक्ति हमेशा मर्यादा, शालीनता और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े हृदय का परिचय देते हुए कथित रूप से भटके हुए छात्रों के प्रति क्षमाशीलता दिखाई और उन्हें अपना भविष्य संवारने, शिक्षा पर ध्यान देने तथा राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। अमन जैन ने कहा कि यही एक सच्चे जननेता की पहचान है, जो युवाओं को अपना परिवार मानते हुए उन्हें सकारात्मक दिशा देने का प्रयास करता है।अमन जैन ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे किसी के बहकावे में आकर समाज में असमाजिकता फैलाने वाले तत्वों से दूर रहें तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है और यदि युवा शिक्षा, संस्कार एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर आगे बढ़ेंगे तो भारत विकास और उन्नति के नए आयाम स्थापित करेगा।अमन जैन ने कहा कि उनके देश प्रति किये गये कार्यो को देखा जाये तो प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा में शब्द कम पड़ जाते है ओर छात्रों द्वारा इतनी कठोर गलत शब्दबली प्रयोग करने के उपरान्त भी उन छात्रों को अपना मानते हुए क्षमा देना एकाएक कहना पड़ जाता है कि एक ही तो दिल है मोदी जी कितनी बार जीतोगे ओर ऐसे महान देश प्रति भाव रखने वाले प्रधानमंत्री का साथ देश का विकास है।

# चंडीगढ़ मार्का शराब बेचने वाला काबू, 20 बोतलें बरामद

जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। एक्साइज विभाग और जीरकपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चंडीगढ़ से अवैध रूप से शराब लाकर पंजाब में बेचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 'केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए' अंकित रॉयल जनरल ब्रांड की अंग्रेजी शराब की 20 बोतलें बरामद हुई हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पंजाब एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे एक्साइज इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह अपनी टीम के साथ चंडीगढ़-



जीरकपुर चौक के निकट बस स्टैंड के सामने बिग बाजार मोड़ पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान चंडीगढ़ की ओर से आ रहे एक ऑटो रिक्शा को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ऑटो की पिछली सीट के नीचे कपड़े से ढकी एक प्लास्टिक की थैली मिली। जांच करने पर उसमें रॉयल जनरल ब्रांड की अंग्रेजी शराब की 20 बोतलें बरामद हुई। सभी बोतलों पर ₹केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए₹ अंकित था। पुलिस ने आरोपी की पहचान जागीर सिंह (63) पुत्र संत सिंह निवासी गांव अलीमाजरा, थाना शंभू, जिला पटियाला के रूप में की है।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक सरकारी फंड घोटाला: ईडी ने 200.84 करोड़ की संपत्तियां अटैच कीं

## 14 आरोपियों के खिलाफ शिकायत दाखिल; सेक्टर-6 स्थित आईएएस अधिकारी के आवास पर भी छापेमारी

चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। बहुचर्चित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक सरकारी फंड घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विशेष पीएमएलए अदालत में 14 आरोपियों एवं संस्थाओं के खिलाफ अभियोजन शिकायत (प्रोसिक्यूशन कंप्लेंट) दाखिल की है। जांच एजेंसी ने 200.84 करोड़ रुपये मूल्य की चल एवं अचल संपत्तियों को भी अस्थायी रूप से अटैच किया है। ईडी के अनुसार जांच में करीब 645 करोड़ रुपये के सरकारी धन के कथित गबन और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप सामने आए हैं। ईडी के चंडीगढ़ जोनल कार्यालय की ओर से दाखिल शिकायत में रिभव ऋषि, विक्रम वाधवा, अभय कुमार, नरेश कुमार उर्फ नरेश भुवानी, कैपको फिनटेक सर्विसेज, आरएस ट्रेडर्स, एसआरआर प्लानिंग गुरुस प्राइवेट लिमिटेड, स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट्स, स्वाति सिंगला, अभिषेक सिंगला, दिव्या अरोड़ा, मनोज कुमार शर्मा, मैसर्स मां वैभव लक्ष्मी इंटीरियर्स तथा अंकुर शर्मा सहित अन्य संस्थाओं के नाम शामिल हैं। ईडी के मुताबिक जांच के दौरान रिभव ऋषि, अभय कुमार, विक्रम वाधवा और नरेश कुमार उर्फ नरेश भुवानी को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ में कथित फर्जीवाड़े के तौर-तरीकों, धन के प्रवाह, बिचौलियों के माध्यम से किए गए भुगतान तथा कुछ सार्वजनिक सेवकों की संभावित भूमिका से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। इन पहलुओं की जांच अभी जारी है।




### 645 करोड़ रुपये के सरकारी धन के कथित गबन का मामला

ईडी के अनुसार विभिन्न सरकारी विभागों और निजी स्कूलों के बैंक खातों से लगभग 645 करोड़ रुपये का सरकारी धन कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निकालकर शेल कंपनियों के माध्यम से विभिन्न खातों में स्थानांतरित किया गया। बाद में इस राशि को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए रियल एस्टेट, व्यावसायिक गतिविधियों और अन्य संपत्तियों में निवेश किया गया। यह जांच हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की गई थी।

### रियल एस्टेट, बैंक खाते और एफडी भी अटैच

ईडी ने जिन 200.84 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है, उनमें आवासीय एवं व्यावसायिक भवन, औद्योगिक इकाइयां, कृषि भूमि, बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) तथा विभिन्न रियल एस्टेट परियोजनाओं में निवेश शामिल हैं। जांच एजेंसी के अनुसार इनमें से 151.33 करोड़ रुपये की संपत्तियां विक्रम वाधवा और उससे जुड़ी संस्थाओं से संबंधित हैं।

### फर्जी बैंक दस्तावेज तैयार करने का आरोप

ईडी का आरोप है कि बैंक अधिकारियों, रियल एस्टेट कारोबारियों, ज्वेलर्स, शेल कंपनियों के संचालकों, बिचौलियों और कुछ सरकारी कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से फर्जी एफडीआर, आरटीजीएस/एनईएफटी अनुरोध पत्र, बैंक रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज तैयार किए गए। इन दस्तावेजों के जरिए सरकारी धन को विभिन्न खातों में स्थानांतरित कर बाद में कई कारोबारों और संपत्तियों में निवेश किया गया। एजेंसी ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### सेक्टर-6 स्थित आईएएस अधिकारी के आवास पर छापेमारी

इसी मामले की जांच के सिलसिले में ईडी ने शनिवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-6 स्थित एक आईएएस अधिकारी के सरकारी आवास पर भी छापेमारी की। टीम सुबह आवास पर पहुंची और देर शाम तक वित्तीय रिकॉर्ड, दस्तावेजों तथा अन्य संबंधित सामग्री की जांच करती रही। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। सूत्रों के अनुसार छापेमारी का उद्देश्य मामले से जुड़े वित्तीय लेन-देन और दस्तावेजी कड़ियों की जांच करना था। हालांकि, देर शाम तक ईडी की ओर से इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। जांच एजेंसी ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी।

# विश्व हिंदू परिषद चंडीगढ़ विभाग के सह मंत्री बने सुरेश राणा, नूरमहल की प्रांतीय बैठक में हुई घोषणा

चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) पंजाब प्रांत की दो दिवसीय संगठनात्मक बैठक नूरमहल (जालंधर) में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी अभियानों, सेवा कार्यों, सामाजिक समरसता, धार्मिक जागरूकता तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय भी लिए गए।

बैठक के दौरान विश्व हिंदू परिषद ने चंडीगढ़ विभाग की नई जिम्मेदारियों की घोषणा करते हुए वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश राणा को विश्व हिंदू परिषद चंडीगढ़ विभाग का सह मंत्री नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और सक्रिय कार्यशैली से चंडीगढ़ विभाग को नई ऊर्जा मिलेगी तथा संगठन की गतिविधियों



का और अधिक विस्तार होगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने, सेवा, संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के साथ-साथ युवाओं को राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आगामी महीनों में संगठन द्वारा विभिन्न सेवा, धार्मिक एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

सुरेश राणा ने नई जिम्मेदारी मिलने पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व और प्रांत पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ विभाग में संगठन को बूथ और मोहल्ला स्तर तक मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने तथा सेवा और सामाजिक समरसता के कार्यों को गति देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से कार्य किया जाएगा। बैठक में चंडीगढ़ से विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अरविंद मौदगिल, उपाध्यक्ष राकेश चौधरी तथा सह मंत्री पंकज शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने सुरेश राणा को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# चंडीगढ़ स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप: गुरुकुल ग्लोबल स्कूल का दबदबा, दिवित, अवनी और गर्विता बने विजेता

चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। सेक्टर-50डी स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के टेबल टेनिस हॉल में आयोजित चंडीगढ़ स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2026 के दूसरे दिन युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। कैडेट और सब-जूनियर वर्ग के एकल मुकाबलों में रोमांचक फाइनल देखने को मिले, जहां गुरुकुल ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने चार में से तीन वर्गों में खिताब जीतकर अपनी मजबूत दावेदारी साबित की। अंडर-13 कैडेट बॉयज वर्ग के फाइनल में गुरुकुल ग्लोबल स्कूल के दिवित ने कड़े मुकाबले में स्ट्रॉबेरी फील्ड्स स्कूल के निवान सैनी को 3-2 (11-6, 11-5, 8-11, 11-13, 11-8) से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मुकाबला पांचवें गेम तक पहुंचा और दिवित ने दबाव के क्षणों में शानदार संयम दिखाते हुए जीत दर्ज की। अंडर-13 कैडेट गर्ल्स वर्ग में गुरुकुल ग्लोबल स्कूल की अवनी गुप्ता ने अपनी ही स्कूल की तृषि को 3-1 (9-11, 11-3, 11-9, 11-9) से मात देकर खिताब अपने नाम किया। पहला गेम गंवाने के बाद अवनी ने शानदार वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर मुकाबला समाप्त किया।

अंडर-15 सब-जूनियर गर्ल्स वर्ग में भी गुरुकुल ग्लोबल स्कूल का दबदबा कायम रहा। गर्विता ने भवन विद्यालय की इधिका को 3-1 (11-5, 8-11, 11-4, 11-5) से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, अंडर-15 सब-जूनियर बॉयज वर्ग में स्ट्रॉबेरी फील्ड्स स्कूल के पार्थ मल्होत्रा ने सेंट जॉन्स स्कूल के अर्पित भाटिया को 3-0 (11-2, 11-9, 11-7) से हराकर एकतरफा अंदाज में खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबलों से पहले खेले गए क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पूरे दिन चले मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीक, आत्मविश्वास और खेल भावना का परिचय दिया। आयोजकों के अनुसार चंडीगढ़ स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के शेष मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे, जिनमें विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी राज्य रैंकिंग अंक और खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# ह्यूमन राइट्स वेलफेयर सोसायटी ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। ह्यूमन राइट्स वेलफेयर सोसायटी (रजि. 101), जीरकपुर की ओर से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। ह्यएक पौधे की छांव हरियाली के नामह्न अभियान के तहत गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब, बिशनपुरा के पार्क में 15 पौधे लगाए गए। सोसायटी के प्रधान सरदार हरबंस सिंह बलटाना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हराभरा वातावरण मिल सकता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री दशमेश साहिब के प्रधान सरदार हरभजन सिंह ने ह्यूमन राइट्स वेलफेयर सोसायटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे जनजागरण अभियानों की आवश्यकता है। उन्होंने सोसायटी के सदस्यों का पौधारोपण अभियान चलाने के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया।

# जीरकपुर में दिनदहाड़े कार सवारों पर धारदार हथियारों से हमला, तीन गंभीर

## जीरकपुर के गुरजीवन विहार में एक दर्जन हमलावरों ने कार घेरकर किया जानलेवा हमला

जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। जीरकपुर के ढकोली स्थित गुरजीवन विहार में रविवार दोपहर दिनदहाड़े हथियारों से लैस एक दर्जन से अधिक हमलावरों ने कार सवार तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जतिंदर, पुनीत और उनका एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया और क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।







जानकारी के अनुसार जतिंदर और पुनीत अपने साथियों के साथ कार में सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार गुरजीवन विहार क्षेत्र में पहुंची, तभी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए एक दर्जन से अधिक युवकों ने उनकी कार को चारों ओर से घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों के हाथों में गंडासे और अन्य धारदार हथियार थे। अचानक हुए हमले में कार सवारों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घायलों ने बताया कि हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए और उनकी कार में भी जमकर तोड़फोड़ की। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही ढकोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि हमले के पीछे की वजह और आरोपियों की पहचान की जा रही है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे पर बह रहा सीवरेज, मेट्रो स्टोर के पास बदबू से लोग परेशान



जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। जीरकपुर के मेट्रो स्टोर के पास नेशनल हाईवे पर पिछले कई दिनों से सीवरेज का गंदा पानी बहने से लोगों का जीना दूभर हो गया है। सड़क पर फैले गंदे पानी और उससे उठ रही बदबू के कारण राहगीरों, दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी (एनएचएआई) द्वारा वर्षा जल निकासी नाले से अवैध सीवरेज कनेक्शन हटाने के बाद एक रिहायशी सोसायटी और कुछ होटलों का सीवरेज सीधे हाईवे पर छोड़ा जा रहा है। स्थानीय निवासी गुरप्रीत सिंह, हरभजन सिंह, राजेश कुमार, सुनील शर्मा, डेविड मसीह, मारिया मसीह, सुनीता देवी, रीना शर्मा, परमजीत कौर और मनप्रीत कौर ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में नगर परिषद और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कई बार लिखित व मौखिक शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका कहना है कि प्रभावित स्थान के आसपास कई फूड स्टॉल और एक प्रसिद्ध साउथ इंडियन रेस्तरां है। ऐसे में बदबू के कारण ग्राहकों का आना भी प्रभावित हो रहा है। लोगों का आरोप है कि नगर परिषद के अधिकारी प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि यदि जल्द सीवरेज का बहाव नहीं रोका गया तो गंदगी और दुर्गंध से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

# बंद सेवा केंद्र से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी, जरूरी दस्तावेजों के लिए लालड़ू के चक्कर

## जोलाकलां समेत आसपास के गांवों के लोगों ने सरकार से सेवा केंद्र दोबारा शुरू करने की मांग उठाई

लालड़ू/यूटर्न/02 अगस्त। गांव जोलाकलां का सेवा केंद्र लंबे समय से बंद होने के कारण ग्रामीणों को जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र समेत अन्य सरकारी सेवाओं के लिए लालड़ू के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे न केवल लोगों का समय और पैसा खर्च हो रहा है, बल्कि बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों और दिहाड़ी मजदूरों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों और माई भागो वेलफेयर सोसायटी ने पंजाब सरकार से सेवा केंद्र को तत्काल दोबारा शुरू करने की मांग की है।

किसान नेता गुरचरण सिंह टौहड़ा और बलविंदर सिंह ने बताया कि गांव का सेवा केंद्र अकाली दल सरकार के कार्यकाल में शुरू हुआ था, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद इसे बंद कर दिया गया। उनका कहना है कि केंद्र बंद होने से




जोलाकलां के अलावा आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं।

माई भागो वेलफेयर सोसायटी के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार एक ओर सरकारी सेवाएं लोगों के घर के नजदीक उपलब्ध कराने का दावा करती है, जबकि दूसरी ओर सेवा केंद्र बंद होने से लोगों को छोटी-छोटी सरकारी औपचारिकताओं के लिए दूर जाना पड़ रहा है। हर बार लालड़ू या अन्य सेवा केंद्रों तक पहुंचने में अतिरिक्त किराया और पूरा दिन बर्बाद हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेज बनवाने या संशोधित कराने के लिए बार-बार दूसरे सेवा केंद्रों का रुख करना पड़ता है। इससे आम लोगों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। सोसायटी और ग्रामीणों ने सरकार तथा संबंधित विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए जोलाकलां के सेवा केंद्र को जल्द से जल्द पुनः संचालित किया जाए, ताकि हजारों लोगों को राहत मिल सके और लंबे समय से चली आ रही उनकी परेशानी समाप्त हो।

# कंगना रनौत के कथित बयान की समाजवादी पार्टी ने की निंदा




जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। समाजवादी पार्टी पंजाब के वरिष्ठ नेता मदन शर्मा ने शनिवार को प्रेस क्लब जीरकपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा सांसद कंगना रनौत के बच्चों को लेकर दिए गए कथित बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश के बच्चों के संबंध में इस प्रकार की भाषा किसी भी जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देती और भाजपा नेतृत्व को इस मामले में उचित कार्रवाई करनी चाहिए। मदन शर्मा ने पंजाब सरकार से मांग की कि भाजपा सांसद कंगना रनौत की शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, मोहाली पर एंट्री रोकी जाए। उनका कहना था कि इससे पहले किसानों को लेकर दिए गए बयानों के बाद मोहाली एयरपोर्ट पर हुई घटना से एयरपोर्ट की छवि और शहीद भगत सिंह के नाम की गरिमा को ठेस पहुंची थी। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को भी संदेश भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है। शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को अपने बयानों में संयम बरतना चाहिए और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान बच्चों पर दर्ज मामलों को भी वापस लेने की मांग की।

# 60 पेटी चंडीगढ़ मार्का शराब सहित पिकअप पकड़ी



जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। जीरकपुर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिंद्रा पिकअप वाहन से करीब 60 पेटियां चंडीगढ़ मार्का शराब बरामद करने का दावा किया है। बरामद शराब में ऑल सीजन और रॉयल चैलेंजर ब्रांड शामिल हैं। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ पंजाब आबकारी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि चंडीगढ़ से बड़ी मात्रा में शराब एकत्र कर उसे अवैध रूप से हरियाणा और दिल्ली में सप्लाई किया जा रहा है। सूचना में यह भी बताया गया था कि महिंद्रा पिकअप में शराब की खेप ले जाई जा रही है तथा वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हो सकती है।

Uturn Time 03 Aug 2026_Layout 2 03-Aug-26 12:42 AM Page 10



# सेक्टर-35 की सड़कें बनीं मुसीबत, बारिश में जलभराव से बढ़ा हादसों का खतरा

## आरडब्ल्यूए ने निगम पर लापरवाही का लगाया आरोप, गुणवत्ता जांच और स्थायी समाधान की मांग





चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। शहर के सेक्टर-35 सी और डी में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार और अधूरे निर्माण ने स्थानीय निवासियों व दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश के दौरान सड़कों पर जलभराव, खुले गड्ढे और अधूरी सीवरेज व्यवस्था के कारण लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति नहीं सुधारी गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

हारमनी होम्स रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के उपप्रधान जोगिंदर गोयल ने नगर निगम प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि सेक्टर-35 सी में कई स्थानों पर सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं। कई गटरों को मिट्टी से भर दिया गया है, जिससे बारिश का पानी जमा हो रहा है और राहगीरों व वाहन चालकों के लिए खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में बिना ठोस योजना के निर्माण कार्य शुरू करना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। वहीं सेक्टर-35 डी मार्केट में इंटरलॉकिंग टाइल्स का स्तर सही नहीं होने से पानी दुकानों के भीतर तक पहुंच रहा है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सेक्टर-35 सी मार्केट में भी मामूली बारिश के बाद जलभराव आम समस्या बन गई है।

आरडब्ल्यूए ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर पर्याप्त निगरानी नहीं होने के कारण जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने नगर निगम से निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच, जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों की जवाबदेही तय करने तथा जलभराव और सीवरेज समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित और बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।

# फर्जी जॉइनिंग लेटर भेजकर सरकारी नौकरी का झांसा देने वाले युवक पर मामला दर्ज

## पंजाब घर-घर रोजगार एवं कारोबार मिशन के नाम से बनाई फर्जी जीमेल आईडी, क्लर्क भर्ती का नकली नियुक्ति पत्र भेजकर युवाओं को ठगने की साजिश




मोहाली/यूटर्न/02 अगस्त। पंजाब घर-घर रोजगार एवं कारोबार मिशन (पीजीआरकेएम) के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर युवाओं को नौकरी का झांसा देने के मामले में स्टेट साइबर क्राइम थाना मोहाली ने हरियाणा के यमुनानगर निवासी एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी पर फर्जी जीमेल आईडी बनाकर मिशन के नाम से नकली जॉइनिंग लेटर जारी करने और सरकारी संस्था का प्रतिरूपण कर लोगों को गुमराह करने का आरोप है।

साइबर पुलिस के अनुसार, मिशन के निदेशक पुनीत सेठी ने 18 मार्च 2026 को शिकायत दी थी कि संगरूर निवासी गुरविंदरप्रीत सिंह को जीमेल आईडी से क्लर्क पद के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र भेजा गया। पत्र में 20 मार्च 2026 से 31 मार्च 2029 तक तीन वर्ष के अनुबंध पर नियुक्ति का दावा किया गया था और उम्मीदवार को मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्र व आधार कार्ड के साथ ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए थे। जांच में यह नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी पाया गया।

शिकायत के बाद इंस्पेक्टर अमनदीप कौर की अगुवाई में प्रारंभिक जांच की गई। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 94 के तहत गूगल से मांगी गई जानकारी में सामने आया कि संबंधित जीमेल आईडी 4 फरवरी 2026 को बनाई गई थी। जांच में इस ईमेल से जुड़े मोबाइल नंबरों का रिकॉर्ड प्राप्त किया गया, जो हरियाणा के यमुनानगर निवासी मोहित कुमार के नाम पर पंजीकृत मिले।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसे ईमेल के जरिए नौकरी का ऑफर मिला था, लेकिन मिशन के कार्यालय से संपर्क करने पर पता चला कि नियुक्ति पत्र फर्जी है। उसने किसी भी व्यक्ति को कोई रकम नहीं दी, जिससे समय रहते संभावित साइबर ठगी टल गई।

पुलिस ने आरोपी मोहित कुमार को जांच में शामिल होने के लिए कई नोटिस भेजे, लेकिन वह पेश नहीं हुआ। जांच अधिकारी अमनदीप कौर ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 318(2), 319(2), 336(2), 337, 340(2) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-डी के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी की तलाश में छापेमारी जारी है।

उन्होंने युवाओं से अपील की है कि किसी भी सरकारी नौकरी से संबंधित नियुक्ति पत्र या ईमेल की सत्यता संबंधित विभाग की आधिकारिक वेबसाइट व कार्यालय से अवश्य जांच लें। संदिग्ध ईमेल या संदेश मिलने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी साइबर थाने से संपर्क करें।

# NH-44 खुलने के साथ अमरनाथ यात्रा फिर शुरू; 3,886 तीर्थयात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना



चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। बारिश से खराब हुए रास्तों की मरम्मत के बाद जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे (NH-44) को सीमित ट्रैफिक के लिए फिर से खोल दिया गया, जिससे फंसे हुए हजारों तीर्थयात्रियों को राहत मिली और रविवार को सालाना अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई। 3,886 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच 177 गाड़ियों के काफिले में सुबह 2:52 बजे जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से गांदरबल ज़िले के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। 3 जुलाई को शुरू हुई 57 दिनों की इस यात्रा के दौरान जम्मू से रवाना होने वाला यह 25वाँ जत्था था।

लगातार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ और उधमपुर के झकानी और रामबन के बनिहाल के बीच 250 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे के कई हिस्से खराब हो गए, जिससे अधिकारियों को तीर्थयात्रियों की आवाजाही रोकनी पड़ी और यात्रा एक दिन के लिए स्थगित रही। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर के समरोली इलाके में देवल ब्रिज के पास सबसे ज्यादा खराब हुए हिस्से को अब सिंगल-लेन ट्रैफिक के लिए ठीक कर दिया गया है, जिससे यात्रा फिर से शुरू हो सकी है। मरम्मत का काम जारी रहने के बावजूद, हल्के मोटर वाहनों को हाईवे का इस्तेमाल करने की इजाजत दी गई है। यात्रा का काफिला प्रभावित हिस्से से गुजरने के बाद काजीगुंड से जम्मू की ओर ट्रैफिक फिर से शुरू किया जाएगा, जबकि भारी वाहन बारी-बारी से (अल्टरनेट डेज पर) चलते रहेंगे।

ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले सड़क और मौसम की ताजा जानकारी देख लें, क्योंकि आने वाले दिनों में और बारिश होने की संभावना है। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 4.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर ऊँचे अमरनाथ गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की है। यह सालाना यात्रा 28 अगस्त को समाप्त होगी।

# सेक्टर-30 से माता बाला सुंदरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की बस को नरेश अरोड़ा ने झंडी दिखाकर रवाना किया



चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने आज सेक्टर-30 से माता बाला सुंदरी के पावन दर्शन के लिए रवाना हो रहे श्रद्धालुओं की बस को झंडी दिखाकर शुभ यात्रा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सेक्टर-30 के नागरिक उपस्थित रहे। नरेश अरोड़ा ने सभी श्रद्धालुओं को माता बाला सुंदरी के पावन दर्शन की शुभकामनाएं देते हुए कहा, माता रानी सभी यात्रियों की यात्रा मंगलमय करें तथा सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य का आशीर्वाद प्रदान करें। धार्मिक यात्राएं समाज में आस्था, एकता और सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक अपनी यात्रा प्रारंभ की और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# पंजाब की शिक्षा पर सियासी घमासान, बिट्टू ने मान सरकार पर बोला हमला



लुधियाना/यूटर्न/02 अगस्त। पंजाब की शिक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार पर केंद्र सरकार की योजनाओं और धनराशि का श्रेय लेने का आरोप लगाया है।बिट्टू ने दावा किया कि पिछले चार वित्तीय वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पंजाब को शिक्षा क्षेत्र के लिए ₹3,205 करोड़ से अधिक की सहायता जारी की है। इसमें समग्र शिक्षा योजना के तहत ₹2,200 करोड़ से अधिक की राशि शामिल है। इसके अलावा पीएम श्री स्कूल, पीएम पोषण, उल्लास और पीएम-उषा जैसी योजनाओं के माध्यम से स्कूल भवनों, स्मार्ट कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, डिजिटल शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण और विद्यार्थियों के पोषण के लिए धन उपलब्ध कराया गया।

बिट्टू ने कहा, 'मोदी सरकार पैसा देती है, मान सरकार सिर्फ फीता काटती है। पैसा दिल्ली से आता है, पोस्टर चंडीगढ़ में छपते हैं।' उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि राज्य सरकार परियोजना-वार केंद्र और पंजाब सरकार के वित्तीय योगदान का विवरण सार्वजनिक करे। बिट्टू ने आरोप लगाया कि आप सरकार केंद्रीय सहायता से तैयार परियोजनाओं को अपने राजनीतिक प्रचार के रूप में पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के बच्चों को प्रचार नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा चाहिए।

# नाबालिग का कथित बाल विवाह कराने के आरोप में पांच पर केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/02 अगस्त। भबात निवासी एक महिला की शिकायत पर जीरकपुर थाना पुलिस ने 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर उसके माता-पिता की सहमति के बिना विवाह कराने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की धारा 9 और 10 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की रहने वाली है और वर्तमान में भबात स्थित रामलीला मैदान के पास परिवार सहित किराये के मकान में रहती है। उसके पांच बच्चे हैं, जिनमें 14 वर्षीय बेटी भी शामिल है।

## माननीय प्रधानमंत्री का संबोधन सुन युवाओं ने लिया नशा मुक्त भारत का संकल्प

### बठिंडा में 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' का सफल आयोजन



सोनू टुटेजा

बठिडा/यूटर्न/02 अगस्त। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत (MY Bharat), बठिंडा द्वारा बाबा फरीद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, बठिंडा के सहयोग से 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुना तथा नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कर स्वयं को नशे से दूर रखने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन में युवाओं का आान करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है।

## स्वच्छता अभियान सोसाइटी 15 अगस्त को मनाएगी स्वतंत्रता दिवस एवं तीज महोत्सव



शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/02 अगस्त। स्वच्छता अभियान सोसाइटी रजिस्टर्ड फगवाड़ा एवं श्री गीता भवन कोचिंग सेंटर, कटहरा चौक, फगवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 15 अगस्त (शनिवार) को स्वतंत्रता दिवस एवं तीज महोत्सव का भव्य आयोजन शनि मंदिर प्रांगण, सराय रोड, फगवाड़ा में किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता संस्था के मदन मोहन खट्टर और आशीष गांधी ने की। उन्होंने बताया कि समारोह को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में निमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। अनेक शिक्षण संस्थानों ने अपने छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भागीदारी का आश्वासन भी दिया है। समारोह में प्रतिभागी देशभक्ति, धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा तथा उनके लिए भोजन एवं जलपान की विशेष व्यवस्था भी की जाएगी।

## स्टाइलिश अंदाज में नजर आईं सोनम बाजवा, तस्वीर ने खींचा प्रशंसकों का ध्यान



अभिनेत्री सोनम बाजवा एक बार फिर अपने खूबसूरत और स्टाइलिश अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। डेनिम आउटफिट में उनका आत्मविश्वास और सादगी प्रशंसकों को खासा पसंद आ रही है। तस्वीर में सोनम का ग्लैमरस लुक और सहज अंदाज उनकी खूबसूरती को और निखारता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर प्रशंसक उनके फैशन सेंस, फिटनेस और आकर्षक व्यक्तित्व की जमकर तारीफ कर रहे हैं। पंजाबी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शामिल सोनम बाजवा अपने अभिनय के साथ-साथ स्टाइलिश लुक्स को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं।

# मनीमाजरा संत निरंकारी भवन में रक्तदान शिविर, 250 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान



मनीमाजरा/यूटर्न/02 अगस्त। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से रविवार को मनीमाजरा स्थित संत निरंकारी भवन में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में महिलाओं सहित 250 श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

शिविर का शुभारंभ चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज ओ.पी. निरंकारी ने मनीमाजरा ब्रांच मुखी महात्मा अमरजीत सिंह की उपस्थिति में किया। ओ.पी. निरंकारी ने कहा कि संत निरंकारी मिशन का संदेश 'मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा' निस्वार्थ सेवा और मानवता की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि मिशन वर्ष 1986 से रक्तदान अभियान चला रहा है और अब तक देशभर में नौ हजार से अधिक शिविरों के माध्यम से 15 लाख से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया जा चुका है। ब्रांच मुखी अमरजीत सिंह ने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने खून नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए का संदेश देकर रक्तदान को जनआंदोलन बनाया। शिविर में पीजीआई चंडीगढ़ की डॉ. मेघाली और जीएमएसएच-16 की डॉ. नितिका के नेतृत्व में मेडिकल टीमों ने रक्त संग्रह किया। बड़ी संख्या में सेवादारों ने व्यवस्था संभाली।

# ईरान-अमेरिका युद्ध संकट के बीच 50 ईरानी सिख परिवारों को भारत लाया गया

## वे पिछले 125 सालों से ईरान के तेहरान में रह रहे थे; उनका भविष्य अनिश्चित है लेकिन वे सुरक्षित हैं



चंडीगढ़/यूटर्न/02 अगस्त। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण तेहरान में फंसे लगभग 50 ईरानी सिखों को सरकार की मदद से हवाई जहाज से भारत वापस लाया गया है। टकराव शुरू होने के बाद कई ईरानी सिख परिवार खतरनाक हालात में फंस गए थे। संकट के बाद भारत द्वारा एडवाइजरी जारी करने के तुरंत बाद केवल 25 परिवार ही देश छोड़ने में कामयाब हो पाए थे। तेहरान में फंसे सिखों की मुश्किल स्थिति का पता सबसे पहले अप्रैल के आखिर में चला, जब बीजेपी प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने ईरानी राजधानी में 25 सिख परिवारों के होने की बात उठाई।

ये परिवार तेहरान के ऐतिहासिक गुरुद्वारा भाई गंगा सिंह सभा में शरण लिए हुए थे। शेरगिल ने कहा, कई सिख जो समय पर ईरान नहीं छोड़ पाए थे, उन्हें गुरुद्वारे में शरण दी गई थी। वे दिन में गुरुद्वारे में रहते थे और युद्ध के नतीजों से बचने के लिए रात में तेहरान में अपने घरों को लौट जाते थे। मैंने अप्रैल के आखिर में विदेश मंत्रालय के सामने यह मुद्दा उठाया था।

नई दिल्ली पहुंचने के बाद, सरदार लाजपाल सिंह आनंद - जो तीसरी पीढ़ी के ईरानी सिख हैं और जन्म से ही ईरान में रह रहे हैं - ने कहा, हम सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने हमारी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। समय पर की गई कोशिशों की वजह से हम अपने परिवारों के साथ भारत में सुरक्षित वापस आ गए हैं। शेरगिल ने इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर ईरान में फंसे सिखों की वापसी में मदद करने का आग्रह किया था।

सिखों के हिम्मत और हौसले का ज़िक्र करते हुए, शेरगिल ने कहा कि उन्हें तेहरान में फंसे परिवारों के बारे में सबसे पहले ईरान के सबसे पुराने गुरुद्वारों में से एक, गुरुद्वारा भाई गंगा सिंह सभा में बैसाखी के जश्न की तस्वीरों और वीडियो से पता चला था। शेरगिल ने 'ऑपरेशन सिंधु' का ज़िक्र करते हुए कहा, युद्ध के बावजूद, तेहरान में सिखों ने स्थानीय समुदाय के साथ त्योहार मनाया और धार्मिक रस्में निभाईं, जिनमें श्री अखंड पाठ साहिब का पाठ, शबद कीर्तन और निशान साहिब को पारंपरिक तरीके से बदलना शामिल था। 'ऑपरेशन सिंधु' सरकार की वह पहल है जिसे पश्चिम एशिया संकट में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए शुरू किया गया था। शेरगिल ने कहा कि ईरानी सिख परिवारों की वापसी, सिख समुदाय के लिए प्रधानमंत्री मोदी की लगातार चल रही पहलों का ही एक हिस्सा है।

उन्होंने अन्य पहलों के साथ-साथ अफगानिस्तान से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों (पवित्र धर्मग्रंथों) की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयासों का भी ज़िक्र किया। शेरगिल ने बताया कि लगभग 100 सिख परिवार एक सदी से भी ज्यादा समय से, यानी 1900 के दशक की शुरुआत से ईरान में रह रहे हैं। शेरगिल ने कहा, इस वजह से, उनकी भारत सुरक्षित वापसी दुनिया भर के सिख समुदाय के लिए गहरे भावनात्मक महत्व का विषय है।

# देवालय पूजक परिषद चंडीगढ़ के संरक्षक बनने पर एम.पी. शर्मा का सम्मान, वृद्धाश्रम में किया सेवा कार्य



चंडीगढ़।/यूटर्न/02 अगस्त। राजस्थान परिवार के संस्थापक एवं खादी ग्रामोद्योग के सदस्य पवन शर्मा ने अपने साथियों के साथ संस्था के वरिष्ठ सदस्य एम.पी. शर्मा को देवालय पूजक परिषद, चंडीगढ़ द्वारा परिषद का संरक्षक नियुक्त किए जाने पर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सुरेश शेखावत और निर्मल भाटी ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया, जबकि पवन शर्मा और हरिप्रसाद ने गौमाता की प्रतिमा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उपस्थित सदस्यों ने एम.पी. शर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों की सराहना की।

सम्मान समारोह के उपरांत सभी सदस्यों ने इस खुशी के उपलक्ष्य में एक वृद्धाश्रम पहुंचकर सेवा कार्य किया तथा बुजुर्गों के साथ समय बिताकर सामाजिक सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में महेंद्र चारण, रविंद्र सिंह, नरेश कुमार, नितिन, मोहर सिंह, लोकेन्द्र सिंह, मनीष कुमार, ओंकार सिंह, अजीत झा, नवीन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, डॉ. साहब सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अपने सम्मान से अभिभूत एम.पी. शर्मा ने पवन शर्मा एवं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे परिषद द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# देश की सबसे बड़ी परीक्षा: सरकार बनाम भरोसा

भारतीय जनता पार्टी ने पिछले दशक में कई राजनीतिक तूफानों का सामना किया है। उसने विपक्षी गठबंधनों, किसानों के विरोध-प्रदर्शनों, बेरोजगारी पर बहस और महंगाई को लेकर आलोचनाओं का सामना किया है। फिर भी, परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर छात्रों के नेतृत्व में हो रहे विरोध-प्रदर्शनों की ताजा लहर एक अलग तरह की चुनौती पेश करती है। इसकी जड़ें विचारधारा, धर्म या जाति में नहीं हैं। इसकी जड़ें गवर्नेंस (शासन-व्यवस्था) में हैं।



संदीप शर्मा, सम्पादक

यह फर्क बहुत अहम है।

'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) के नेतृत्व में शुरू हुए ये विरोध-प्रदर्शन बार-बार परीक्षा के पेपर लीक होने और भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर शुरू हुए थे। लेकिन तब से ये लाखों युवा भारतीयों की निराशा की एक व्यापक अभिव्यक्ति बन गए हैं, जिनका मानना है कि सिस्टम काबिलियत (मेरिट) को सही इनाम देने में नाकाम हो रहा है। पिछले आंदोलनों के उलट, यह आंदोलन किसी नए कानून की मांग नहीं करता और न ही किसी खास नीति का विरोध करता है। इसके बजाय, यह एक कहीं ज्यादा बुनियादी सवाल पूछता है: क्या भारतीय राज्य निष्पक्षता की गारंटी दे सकता है?

ऐसी सरकार के लिए जिसने अपनी ज्यादातर राजनीतिक अपील कार्यकुशलता, काम पूरा करने और प्रशासनिक क्षमता के आधार पर बनाई है, यह सवाल उसके गवर्नेंस मॉडल की जड़ पर चोट करता है।

बीजेपी की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत लंबे समय से खुद को ऐसी पार्टी के तौर पर पेश करने की रही है जो काम पूरा करके दिखाती है। हाईवे बनते हैं, डिजिटल पेमेंट बढ़ते हैं, रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण होता है, कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुँचता है और सार्वजनिक सेवाओं को तेजी से डिजिटल किया जा रहा है। संदेश हमेशा एक जैसा रहा है: आज भारत का शासन पहले के मुकाबले ज्यादा कुशलता से चल रहा है। लेकिन गवर्नेंस को सिर्फ.इंफ्रास्ट्रक्चर और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ पहुँचाने के आधार पर नहीं आंका जाता। इसे इस आधार पर भी आंका जाता है कि क्या संस्थाओं पर जनता का भरोसा है या नहीं।

परीक्षा प्रणाली ऐसी ही एक संस्था है। लाखों मध्यम-वर्गीय परिवारों के लिए, प्रतियोगी परीक्षाएं सामाजिक तरक्की का एकमात्र भरोसेमंद जरिया होती हैं। माता-पिता अपनी बरसों की बचत इसमें लगा देते हैं। सरकारी नौकरी या किसी प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिले की चाह में छात्र अपनी दोस्ती, फुर्सत के पल और अक्सर अपनी मानसिक सेहत की भी कुर्बानी दे देते हैं। जब कोई पेपर लीक होता है या भर्ती प्रक्रिया रद्द कर दी जाती है, तो सिर्फ.एक परीक्षा ही नहीं छूटती। बल्कि उस वादे पर से भरोसा भी उठ जाता है कि कड़ी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। यही वजह है कि पेपर लीक होने पर लोगों की भावनात्मक प्रतिक्रिया कई अन्य प्रशासनिक नाकामियों की तुलना में कहीं ज्यादा तीखी होती है। मौजूदा आंदोलन का महत्व इसके सामाजिक स्वरूप में भी निहित है। पहले हुए कई विरोध-प्रदर्शनों के उलट, यह किसी एक जाति, धर्म या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। हर समुदाय में ऐसे छात्र हैं जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। हर परिवार इनसे जुड़ी बेचैनी को समझता है। इस वजह से इस मुद्दे को राजनीतिक तौर पर अलग-थलग करना या नजरअंदाज करना मुश्किल हो गया है। विरोध-प्रदर्शनों की भाषा भी उतनी ही अहम है।

आज के युवा पारंपरिक छात्र संगठनों के बजाय मीम्स, व्यंग्य, सोशल मीडिया और विकेंद्रीकृत नेटवर्क के जरिए एकजुट हो रहे हैं। और व्यंग्य का जवाब देना मुश्किल होता है। उन्हें वैचारिक नारों से ज्यादा संस्थागत जवाबदेही में दिलचस्पी है। उनकी मांग सीधी-सी है: अगर मौके का आधार मेरिट है, तो सिस्टम खुद भी पूरी तरह निष्पक्ष और दोष-मुक्त होना चाहिए। इसलिए, चुनौती सिर्फ.अलग-अलग पेपर लीक मामलों की जांच करने तक सीमित नहीं है। असली चुनौती परीक्षा व्यवस्था में भरोसा बहाल करना है। इसके लिए मजबूत डिजिटल सुरक्षा, स्वतंत्र निगरानी, लीक में शामिल लोगों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई और सबसे बढ़कर, गड़बड़ी होने पर पारदर्शी बातचीत की जरूरत है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372